लोकसभा तीसरा चरण नामांकन वापसी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का आज अंतिम दिन है। दस राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की लोकसभा सीटों पर 7 मई को मतदान कराया जाएगा। इस चरण में गुजरात की सभी छब्बीस, कर्नाटक की चौदह, महाराष्ट्र की ग्यारह, उत्तर प्रदेश की दस, मध्य प्रदेश की 9, छत्तीसगढ की सात, बिहार की पांच, असम और पश्चिम बंगाल की चार-चार, गोवा, दादरा और नागर हवेली और दमन दीव की दो-दो सीट और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की एक सीट शामिल है।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में चुनाव प्रचार में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल पूरी क्षमता के साथ लगे हुए है। आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी खरगौन, सनावद, सिवनी मालवा और इटारसी में चुनाव प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर में एक जनसभा को संबोधित किया है। उनका आज उज्जैन में प्रचार कार्यक्रम है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान नर्मदापुरम, राजगढ़ व विदिशा जिले के प्रवास पर रहेंगे।

मतदाता जागरुकता

प्रदेश में इन दिनों मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम लगातार जारी है । शिवपुरी जिले में अधिक से अधिक मतदान को लेकर आज स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक मानव श्रृंखला बनाई गई। शिवपुरी के पोलो ग्राउंड पर आयोजित इस मानव श्रृंखला में बड़ी संख्या में लोग जुटे। स्वीप गतिविधियों के तहत कल आगरमालवा में भी जिले के कृषि आदान विक्रेताओ को अपने मत का उपयोग निष्पक्ष और निर्भय होकर करने हेतु मतदान की नैतिक शपथ दिलाई।। गुना में आज मतदाता जागरुकता के तहत प्रशासन एकादश एवं पत्रकार एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन दशहरा मैदान गुना पर

किया गया। निर्वाचन की तिथि 7 मई करीब आते आते ही जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला प्रशासन एवं प्रशासन का पूरा तंत्र चुनाव की तैयारी के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान में भी जुट गया है। झाबुआ में कल स्वीप टीम ने शहर में बैलगाड़ी रैली और पिथौरा चित्रकारी कर मतदाताओं को करने प्रेरित किया गया। जिले में ग्रामीण मतदाताओं का प्रतिशत अधिक होने से इन्हे आकर्षित करने के लिए प्रशासन ने ग्रामीणों का मुख्य वाहन बैलगाड़ी मतदाता रैली का आयोजन किया गया।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

भोजशाला

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर एएसआई टीम द्वारा लगातार 32 वें दिन वैज्ञानिक आधार पर सर्वे कार्य किया जा रहा है। आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अपर महानिदेशक प्रो .आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में आज सर्वे दल ने सुबह भोजशाला परिसर में प्रवेश किया । आज अधिकारियों की संख्या 27 और मजदूरों की संख्या 32 है। भोजशाला में चारो ओर 50 मीटर एरिया की मैपिंग कर सर्वे किया जा रहा है। गत 2 दिन से सर्वे दल में और वैज्ञानिको के सदस्य जुड़ने से सर्वे कार्य में तेजी आ गई है दल के सदस्यों द्वारा कार्बन डेटिंग भी की जा रही है।

सूचना-प्रसारण सचिव

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू कल दोपहर इंदौर पहुंचे । इंदौर विमानतल पर आकशवाणी दूरदर्शन तथा अन्य विभागों के अधिकारियों ने उनकी अगवानी। श्री जाजू ने दूरदर्शन केंद्र इंदौर का निरीक्षण

किया। इस अवसर पर उन्होंने दूरदर्शन तथा आकाशवाणी के अधिकरियो को स्थानीय लोकल मालवी बोली पर केंद्रित कार्यक्रम के निर्माण की बात कही ।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर आंधी और बारिश का दौर चल रहा है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज जबलपुर, छिंदवाड़ा समेत 17 जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। इससे पहले रविवार को पूरे दिन तेज गर्मी के बाद शाम को कई जिलों में मौसम बदला। भोपाल, रायसेन और नर्मदापुरम में तेज बारिश भी हुई। खंडवा और खरगोन सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 42 डिग्री के पार दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इस वजह से बूंदाबांदी और आंधी का दौर है। ऐसा ही मौसम अगले 2 दिन और बना रहेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- खरगोन में बुलेरो वाहन और कार में आमने सामने हुई भीषण भिड़ंत में दो लोगो की मौत हो गई वही 11 लोग घायल हो गये। 8 गंभीर घायलो को खरगोन जिला अस्पताल से इन्दौर रेफर किया गया।
- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एडीआर सेंटर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- जैन धर्म के 24वें तीर्थकर महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव झाबुआ ज़िले में धूमधाम से मनाया गया। भगवान की रथयात्रा बैंड–बाजो के साथ निकाली गई।